**Gorakhpur News: गोरखपुर पुलिस ने दोगुना नकली नोट का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार**




**Gorakhpur Fake Currency Scam:** गोरखपुर पुलिस ने दोगुना नकली नोट देने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकदी, एक कार, फर्जी दस्तावेज और नंबर प्लेटें बरामद की हैं। ये सब आरोपियों की संगठित ठगी गतिविधियों का सबूत हैं।

ठगी का अनोखा तरीका

गुलरिहा थाना पुलिस ने महराजगंज जनपद के घुघली थाना क्षेत्र के निवासी गुलाम मुस्तफा शेख और कुशीनगर के लक्ष्मीपुर निवासी रमेश राजभर को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी बेहद सुनियोजित तरीके से ठगी करते थे। वे पहले असली नोट के बदले नकली 'दोगुने' नोट देते थे, ताकि पीड़ितों का विश्वास जीता जा सके। फिर, जब पीड़ित लोग लालच में आकर बड़ी रकम लेकर आते, तो आरोपी मौके का फायदा उठाकर असली पैसे लेकर फरार हो जाते थे। इस गिरोह का मकसद था लोगों को त्वरित मुनाफे का सपना दिखाकर उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ करना।

Source: https://bansalnews.com/up-gorakhpur-fake-currency-scam-sp-city-abhinav-tyagi-zxc/#google_vignette